सेंट मोंटफोर्ट विद्‌यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह

71 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सेंट मोंटफोर्ट विद्‌यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि **श्री विजय अंबेकर** ,अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड , भोपाल ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्‌यार्थी देश का भविष्य हैं अतः उन्हें सदा देश की उन्नति के लिए कार्य करना चाहिए। हमें अपने देश की आन, बान और शान की रक्षा हर कीमत पर करनी चाहिए । इस अवसर पर विद्‌यालय के छात्र–छात्राओं द्‌वारा देशभक्ति से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिससे संपूर्ण वातावरण देशभक्ति के ओज से मंडित हो गया। विद्‌यालय के प्राचार्य ब्रदर एलेक्स जी भी अपने संदेश में छात्रों को मन वचन व कर्म सभी से देशहित के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमें अपने व्यक्तिगत हितों का त्याग कर देश के हित के लिए काम करना चाहिए।

अंत में विद्‌यालय के हेड बॉय अर्जुन सरकार व हेड गर्ल – सुमैया खान ने आभार व्यक्त किया।

प्राचार्य